

**गुस्ताखी माफ**

हर अफसर ने रख रखे, आगे कई दलाल।
सौदे करते हैं वही, लेते-देते माल।
लेते-देते माल, मामले वही पटाते।
बीच राह की सभी, अड़चनें वही हटाते।
कह साहिल कविराय, बरसते डेली पैसे।
लेन-देन का काम, करे खुद अफसर कैसे।


- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 125 | SATURDAY 16-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## 30 साल बाद हलवारा से दिल्ली उड़ान शुरू

# यात्रियों के प्रोत्साहन को मंत्री बिट्टू, सासंद साहनी, राजेंद्र गुप्ता ने भरी उड़ान

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट से आखिरकार शुक्रवार को फ्लाइट उड़नी शुरू हो गई। शुक्रवार सुबह 7.05 बजे दिल्ली से आई पहली फ्लाइट की हलवारा एयरपोर्ट पर लैंडिंग हुई। जिसमें 120 यात्री दिल्ली से लुधियाना पहुंचे। वहीं 7:55 बजे फ्लाइट ने लुधियाना से दिल्ली के लिए 100 यात्रियों के साथ उड़ान भरी। वहीं लुधियाना के कई कारोबारियों द्वारा इस फ्लाइट का आनंद लिया गया। दिल्ली से लुधियाना पहुंची फ्लाइट में कारोबारियों के अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, जिला प्रधान रजनीश धीमान, अनील सरीन, प्रवीन बांसल समेत कई लीडर सवार थे। वहीं आम जनता ने भी इस फ्लाइट में सफर किया। जिनकी और से उक्त सफर को काफी आरामदायक और आसान बताया गया। लेकिन इस एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर फ्लाइट की उड़ान तक के कार्य में अहम योगदान डालने वाले पूर्व मंत्री संजीव अरोड़ा इस सफर का आनंद नहीं ले सके। बता दें कि एयरपोर्ट लुधियाना वासियों की पहली मांग थी। करीब 30 साल बाद यह मांग पूरी हो सकी।

**व्यापार में होगी बढ़ोतरी...**माइनॉरिटी कमीशन के मेंबर और कीमती ट्रेडर्ज के



राजेश जैन बॉबी ने कहा कि लुधियाना से दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू करने से कारोबार जगत को काफी फायदा मिलेगा। जिसके चलते हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हैं। इससे व्यापार में बढ़ोतरी होगी।

**मुंबई के लिए भी शुरू हो फ्लाइट...**बी.के. हार्डवेयर के मालिक विकास गुप्ता ने कहा



कि जैसे लुधियाना से दिल्ली के लिए फ्लाइट शुरू हुई है। उसी तरह लुधियाना से मुंबई के लिए भी फ्लाइट शुरू होनी चाहिए। जिससे व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा।





दिल्ली से लुधियाना पहुंची फ्लाइट में मौजूद यात्री


## आप के लीडर रहे गैरहाजिर

हैरानी की बात तो यह है कि शुरूआत से ही आम आदमी पार्टी की और से इस एयरपोर्ट को अपनी कामयाबी बताते हुए क्रेडिट लिया जा रहा था। लेकिन जब पहली फ्लाइट लुधियाना पहुंची तो आम आदमी पार्टी का एक भी विधायक व नेता लोगों का स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद नहीं था। जबकि यह एक मुख्य मौका था। लेकिन पार्टी लीडर उससे चुंक गए। अब शहरवासी लीडरों की गैरमौजूदगी को अलग अलग नजरिए से देख रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि ईडी की कार्रवाई के बाद शायद अब आप लीडर हौसला छोड़ रहे हैं।

## कांग्रेसी नींव पत्थर रखने के करते रहे दावे, अब हुए लापता

वहीं कांग्रेस पार्टी की और से उक्त एयरपोर्ट का नींव पत्थर भी उनके सांसद अमर सिंह द्वारा रखने के दावे किए गए थे। वहीं समय समय पर पार्टी द्वारा एयरपोर्ट को लेकर क्रेडिट लेने का प्रयास किया गया था। लेकिन अब जब फ्लाइट कार्य शुरू हो गया तो एक भी कांग्रेसी वहां मौजूद नहीं दिखा। यहां तक कि फ्लाइट में भी सिर्फ भाजपा लीडर ही थे।

**शहर के एक विधायक ने राघव चड्ढा से गुपचुप की मुलाकात...**वहीं शहर में एक चर्चा जोरों पर है कि लुधियाना शहर के एक सीटिंग एमएलए की और से दिल्ली जाकर राज्यसभा सांसद और भाजपा न ता राघव चड्ढा के साथ मुलाकात की थी। चर्चा है कि उक्त लीडर भाजपा में शामिल होना चाहता था। लेकिन वहां मुलाकात के बावजूद उसे खाली हाथ ही वापिस आना पड़ा। बेशक यह मीटिंग गुपचुप तरीके से हुई थी, लेकिन इसका शोर सभी जगह पड़ चुका है।



## आर्टिस्ट सीधे आ सकेगें लुधियाना

डीजे भानू के मालिक भानू आहूजा ने कहा कि लुधियाना के साथ एयर कनेक्टिविटी न होने के कारण आर्टिस्ट, बॉलीवुड व हॉलीवुड स्टार्स को दिक्कत होती थी। जिसके चलते उन्हें पहले चंडीगढ़ और फिर दो घंटे का बाय रोड सफर कर आना पड़ता था। जिससे आर्टिस्ट गुरेज करते थे। लेकिन अब वे सीधे लुधियाना आ सकेगें।

## स्टेट की आर्थिक व्यवस्था में होगा सुधार



दाल बाजार मर्चेंट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी और हैप्पी खुराना गारमेंट्स के मालिक इकबाल सिंह लक्की खुराना ने कहा कि लुधियाना पंजाब की आर्थिक राजधानी है। जहां एयरपोर्ट समय की मांग थी। इससे उद्योग को बूस्ट मिलेगा और स्टेट की आर्थिक व्यवस्था में सुधार होगा।


जन हितैषी जन जन की बात
यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

RALSON TYRES TREAD NEW PATHS

HIGH FLIERS AWARDS 2026

SUPPORTED BY:
SOLITAIRE HOMES | CBR COLLECTIVE BY RUGBY | DXI DESIGN FOR DESIRE | Knit Studio Redefining Fashion

Award Ceremony for Meritorious Students for 10th and 12th classes from all boards



23 MAY 2026
2 PM Onwards

Celebrating academic brilliance, dedication, and exemplary scholastic excellence making LUDHIANA PROUD!

Venue:
Guru Nanak Dev Bhawan, Ludhiana

Ms. Geeta 99153-61166
Other Contact 99882-20063

# चुनावी सख्ती के बीच डेराबस्सी में अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 10 पेटी शराब बरामद

## डेराबस्सी पुलिस और एक्साइज विभाग की संयुक्त रेड, कार से पकड़ी चंडीगढ़ ब्रांड शराब

डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी होने के बाद डेराबस्सी में पहली बार पुलिस और एक्साइज विभाग ने गैर-कानूनी शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। संयुक्त टीम ने गांव देवी नगर में रेड कर एक कार से 10 पेटी अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक्साइज इंस्पेक्टर कुलविंदर सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव देवी नगर निवासी हरप्रीत सिंह पुत्र जंग नाथ चंडीगढ़ से सस्ती शराब लाकर इलाके के लोगों और फैक्ट्री मजदूरों को ऊंचे दामों पर बेचने का काम करता है। सूचना के अनुसार आरोपी अपनी काले रंग की सियाज कार (HR-01-AM-8144) में शराब छिपाकर रखता था।





सूचना के आधार पर पुलिस और एक्साइज विभाग की टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी। मौके पर खड़ी कार की तलाशी लेने पर उसकी डिक्की से 10 पेटी गैर-कानूनी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में '999 पावर स्टार फाइन व्हिस्की' की 5 पेटी, जिसमें 60 बोतलें थीं, तथा 'दिलबर संतरा मसालेदार देसी शराब' की 5 पेटी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि यह शराब केवल चंडीगढ़ क्षेत्र में बिक्री के लिए निर्धारित थी। जांच के दौरान आरोपी हरप्रीत सिंह शराब रखने संबंधी कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर शराब और कार को कब्जे में ले लिया। डेराबस्सी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एक्साइज एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए अवैध शराब और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बीवीएम स्कूल फोकल प्वाइंट की सुहानी को सीएम मान ने किया सम्मानित

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) की 12वीं कक्षा की परीक्षा में 416 सरकारी स्कूलों ने 100 प्रतिशत पास प्रतिशत दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हाल ही में आए 12वीं के नतीजों में लुधियाना के बीसीएम स्कूल फोकल प्वाइंट की सुहानी चौहान ने 500 में से 500 नंबर हासिल करके स्टेट में दूसरा और जिले में पहला स्थान हासिल किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 500 में 500 अंक हासिल कर अव्वल रहने वाली पंजाब की बेची सुहानी चौहान से मुलाकात की। इस दौरान सीएम मान ने सुहानी की शानदार उपलब्धि के लिए 50,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। वहीं स्कूल और पेरेंट्स को भी बधाई दी।



# ईंधन की कीमतें 3 रुपए बढ़ीं: चुनाव खत्म, पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने शुरू



चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। चुनाव खत्म हो गए हैं और शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। हालांकि मोदी सरकार का मानना है कि वह ईंधन की कीमतें बढ़ाने में हिचकिचा रही थी, क्योंकि इस बढ़ोतरी का असर दूसरी चीजों पर भी पड़ता। जब ईंधन की कीमतें बढ़ती हैं, तो दूसरी सभी जरूरी चीजों की कीमतें भी उसी हिसाब से बढ़ जाती हैं। इससे देश में महंगाई का खतरा बढ़ जाता है। तो, आखिर कीमतें बढ़ाने की जरूरत क्यों पड़ी? लगभग 10 हफ़्तों तक, तेल कंपनियाँ पुराने रेट पर ही ईंधन बेच रही थीं, जबकि उनकी लागत लगातार बढ़ रही थी। वे नुकसान खुद उठा रही थीं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने की ये वजहें हैं:-

01) **ईरान विवाद:** ईरान में चल रहे विवाद की वजह से दुनिया भर में तेल की सप्लाई पर असर पड़ा। तेल के एक अहम रास्ते, 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' में तनाव बढ़ गया और जहाजों की आवाजाही में देरी होने लगी। इससे दुनिया भर के बाजारों में डर का माहौल बन गया। जब भी तेल की सप्लाई में रुकावट का डर होता है, तो कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ जाती हैं। विवाद शुरू होने से पहले, भारत के लिए कच्चे तेल की कीमत लगभग $69 प्रति बैरल थी। बाद में यह बढ़कर $113-114 प्रति बैरल तक पहुँच गई। यह एक बहुत बड़ी बढ़ोतरी थी। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85% कच्चा तेल दूसरे देशों से खरीदता है। इसलिए, जब दुनिया भर में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो भारत का तेल खरीदने का खर्च भी तुरंत बढ़ जाता है।

02) **तेल के जहाजों के लिए देशों में होड़:** विवाद की वजह से, तेल के कई जहाजों की आवाजाही धीमी पड़ गई। अलग-अलग देश, उपलब्ध तेल के जहाजों को हासिल करने के लिए आपस में होड़ करने लगे। इससे तेल की कीमतें और भी ज्यादा बढ़ गईं। जहाजों का किराया और बीमा का खर्च भी बढ़ गया। इसलिए, भारत को न सिर्फ.तेल के लिए ज्यादा पैसे देने पड़ रहे थे, बल्कि उसे देश तक लाने का खर्च भी ज्यादा उठाना पड़ रहा था।

3) **रुपये की कीमत में गिरावट:** कच्चा तेल, अमेरिकी डॉलर में खरीदा जाता है। हाल ही में, भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया था, जहाँ एक डॉलर की कीमत लगभग ₹95.95 हो गई थी। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो भारत को उतने ही कच्चे तेल के लिए ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं। इसलिए, अगर कच्चे तेल की कीमतें स्थिर भी रहतीं, तब भी रुपये की कमजोरी की वजह से तेल खरीदने का खर्च बढ़ ही जाता।

### दोनों ही बातें एक साथ हुईं

तेल महंगा हो गया। तेल कंपनियाँ 10 हफ़्तों तक लगातार नुकसान उठाती रहीं। वे पेट्रोल और डीजल पुराने रेट पर ही बेचती रहीं। लेकिन, उनके लिए कच्चा तेल खरीदने का खर्च लगभग 50% तक बढ़ चुका था। हालाँकि, यह भी एक सच है कि चुनावों के चलते इन कीमतों को रोककर रखा गया था, और अब इनमें 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो गई है। और विपक्ष ने तो बहुत ही साफ तौर पर यह कहा है कि केवल चुनावों की वजह से ही सरकार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी करने से रुकी हुई थी।

# बड़ा खुलासा: हजारों वकील फजी: सीजेआई सूर्यकांत बोले, डिग्री की जाँच के लिए सीबीआई की जरूरत

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। यह देखते हुए कि दिल्ली में कई फजी वकील मौजूद हैं, भारत के मुख्य न्यायाधीश ने शुक्रवार को कहा कि वह इन वकीलों की लॉ डिग्री की असलियत की जाँच के लिए सीबीआई जाँच का आदेश देने पर विचार कर रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि उन्होंने इन वकीलों द्वारा सोशल मीडिया पर की जा रही टिप्पणियों पर गौर किया है, और उनकी लॉ डिग्री की असलियत पर सवाल उठाया है। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी टिप्पणी की कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया से कुछ भी करने की उम्मीद नहीं की जा सकती, क्योंकि वे वकीलों के साथ पूरी तरह से मिलीभगत में हैं। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ दिल्ली उच्च न्यायालय के खिलाफ वरिष्ठ पदनामों को लेकर एक वकील द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता को बार-बार याचिकाएँ दायर करने के लिए फटकार लगाते हुए, सीजेआई ने दिल्ली के कुछ वकीलों के बारे में अपने विचार साझा किए।



### सीबीआई करे जांच

मैं किसी मामले का इंतजार कर रहा हूँ... मैं चाहता हूँ कि सीबीआई दिल्ली के ज्यादातर लोगों की एलएलबी डिग्री की जाँच करे... तीस हजारी में फलाँ-फलाँ... जिस तरह की फेसबुक पोस्ट और चीजें वे डाल रहे हैं... क्या उन्हें लगता है कि हम देख नहीं रहे हैं? बीसीआई कुछ नहीं करेगी... उनमें से हजारों लोग फजी हैं जो काले चोगे पहनकर घूम रहे हैं... मुझे उनकी लॉ डिग्री की असलियत पर गंभीर संदेह है। शायद सीबीआई को ही कुछ करना पड़ेगा। इक्कभी नहीं करेगी, क्योंकि वे आपस में मिले हुए हैं, उनकी पूरी तरह से मिलीभगत है। सीजेआई ने कहा कि समाज में पहले से ही काफी 'परजीवी' मौजूद हैं जो न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं, और कहा कि वकीलों को उनके साथ हाथ नहीं मिलाना चाहिए।

### कई परजीवी व्यवस्था पर हमला कर रहे

समाज में पहले से ही ऐसे परजीवी हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं, और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं? कुछ युवा तो कॉकरोच की तरह हैं, जिन्हें कोई रोजगार नहीं मिलता और पेशे में उनकी कोई जगह नहीं होती। उनमें से कुछ मीडिया में चले जाते हैं, कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ RTI कार्यकर्ता बन जाते हैं, कुछ अन्य तरह के कार्यकर्ता बन जाते हैं, और वे हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं... और आप लोग अवमानना याचिकाएँ दायर करते हैं!¤ सीजेआई ने कहा। अदालत ने वकील की वरिष्ठ पदनाम के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि यह एक ऐसा दर्जा है जो प्रदान किया जाता है, न कि जिसे कानूनी तौर पर हासिल करने के लिए मुकदमा लड़ा जाए।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 125 | SATURDAY 16-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## डेराबस्सी नगर कौंसिल चुनावः कांग्रेस-अकाली दल की सूची पर बना सस्पेंस

डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर कौंसिल चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन शनिवार है, लेकिन कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल अभी तक अपने उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाए हैं। चुनावी माहौल के बीच दोनों दलों की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा में हो रही देरी चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस की उम्मीदवारों की सूची शुक्रवार देर रात तक आने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि पार्टी की अंदरूनी रणनीति और टिकट वितरण को लेकर चल रही चचाओं के कारण सूची में लगातार देरी हो रही है। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि टिकट को लेकर पार्टी के भीतर कई स्तरों पर मंथन जारी है।

## ड्रग्स तस्करी-हवाला नेटवर्क बेनकाब, नशे की कमाई को हवाला से करते थे ट्रांसफर; 1 गिरफ्तार



पंजाब/यूटर्न/15 मई। पठानकोट पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध हवाला कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर इस नेटवर्क का पदार्फाश किया। जिनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि, दूसरा फरार बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस पार्टी तारागढ़ से बकनौर के रास्ते कथलौर की तरफ गश्त पर थी। जब पुलिस की टीम गांव बकनौर मोड़ के पास पहुंची, तो एक विशेष मुखबिर ने सूचना दी कि अरुण निवासी गांव परमानंद और भार्गव जसरोटिया निवासी बरवाल, कठुआ, जम्मू-कश्मीर नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करते हैं।

### हवाला के जरिए होता था लेनदेन

पुलिस को ये भी सूचना मिली कि दोनों आरोपी नशे के कारोबार से होने वाली काली कमाई को 'हवाला' के जरिए एक जगह से दूसरी जगह भेजते थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना को विश्वसनीय मानते हुए तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

*In Loving Memory Of*



## Sh. NARESH KUMAR

22.11.1957 - 13.05.2026

*The Prayer Meeting for the peace of the departed soul will take place on*

*Saturday, May 16, 2026*
*2:00 PM to 3:00 PM*
*Durga Mata Mandir, Sarabha Nagar, Ludhiana.*

***Fondly Remembered by***

| | |
|---|---|
| Sangeeta Arora | (Wife) |
| Nazuk & Sachin Arora \| Tanya & Sagar Arora | (Daughter-in-laws & Sons) |
| Rekha & Balbir Kumar \| Shelly & Vijay Kumar | (Sister-in-laws & Brothers) |
| Sanjana & Harsh Kumar \| Namita & Manoj Qamra | (Sister-in-laws & Brothers) |
| Meenu & Vimal Khosla | (Sister & Brother-in-law) |
| Roopam & Sandeep Sood | (Sister-in-law & Brother-in-law) |

THAMES CHEMICALS | SCIENCE HOUSE | CHEMICAL CORPORATION | OCTAVE

# पंचकूला में 15 जून से घर-घर होगी मतदाता सत्यापन प्रक्रिया, 22 सितंबर को जारी होगी अंतिम वोटर लिस्ट

## जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने मतदाताओं से सहयोग की अपील की, OTP और लिंक से सतर्क रहने को कहा

पंचकूला/यूटर्न/15 मई। सतपाल शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जुलाई 2026 को अहर्ता तिथि मानते हुए हरियाणा में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके तहत मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए नागरिकों से आवश्यक जानकारी जुटाई जाएगी।



उन्होंने बताया कि 21 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों और संबंधित कार्यालयों में किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। सतपाल शर्मा ने बताया कि प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा 18 सितंबर 2026 तक किया जाएगा, जबकि अंतिम मतदाता सूची 22 सितंबर 2026 को जारी होगी। उन्होंने कहा कि 5 जून से 14 जून तक तैयारियों, प्रशिक्षण और दस्तावेजों की छपाई का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचकूला की दोनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ के साथ सहयोग करें ताकि मतदाता सूची को पूरी तरह सही और पारदर्शी बनाया जा सके। उन्होंने लोगों को सतर्क करते हुए स्पष्ट किया कि निर्वाचन विभाग की ओर से किसी भी मतदाता से ओटीपी या किसी लिंक को साझा करने की मांग नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा नियुक्त बीएलओ स्वयं नागरिकों से व्यक्तिगत संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे।

# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग महिला से 2.98 करोड़ की ठगी

## पंचकूला पुलिस ने कोलकाता से साइबर गिरोह के 3 और सदस्य दबोचे, अब तक 8 आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

पंचकुला/यूटर्न/15 मई। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम थाना टीम ने करोड़ों रुपये की डिजिटल अरेस्ट साइबर ठगी का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन और सदस्यों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल सिंहा राय, सोमेंद्रा नाथ बिस्वास और सुभाष दास के रूप में हुई है। तीनों को अदालत में पेश कर सात दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं पहले गिरफ्तार आरोपी इजहार अहमद को दोबारा कोर्ट में पेश कर चार दिन का अतिरिक्त रिमांड हासिल किया गया।



# योगराज सिंह एफआईआर में चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी चूक

## आरोपी के पते की जगह पंजाब महिला आयोग का पता लिखा, वेब सीरीज के विवादित डायलॉग पर दर्ज हुआ मामला

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता और अभिनेता योगराज सिंह के खिलाफ चंडीगढ़ के सेक्टर-36 थाना में दर्ज एफआईआर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने एफआईआर में आरोपी योगराज सिंह के पते की जगह पंजाब महिला आयोग का पता दर्ज कर दिया। जानकारी के अनुसार यह गलती उस समय हुई जब पुलिस ने जल्दबाजी में पंजाब महिला आयोग की ओर से भेजे गए अथॉरिटी लेटर पर लिखे पते को ही आरोपी के पते के स्थान पर कॉपी कर लिया। बताया जा रहा है कि एफआईआर दर्ज होने के समय शिकायतकर्ता भी थाने में मौजूद नहीं था।



मामला एक वायरल वीडियो क्लिप से जुड़ा है, जिसे हिंदी वेब सीरीज लुक्खे के एक एपिसोड से काटकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। इस वीडियो में महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किए जाने का आरोप है।

**महिला आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान...**मामले में पंजाब राज्य महिला आयोग ने भी स्वत: संज्ञान लेते हुए पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग की ओर से भेजे गए पत्र में वायरल वीडियो में महिलाओं के प्रति अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर चिंता जताई गई और उचित कार्रवाई कर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया। सूत्रों के मुताबिक, इसी अथॉरिटी लेटर पर लिखे महिला आयोग के पते को पुलिस ने गलती से एफआईआर में आरोपी के पते की जगह दर्ज कर दिया।

**वेब सीरीज के सीन को लेकर विवाद...**जानकारी के अनुसार वेब सीरीज 'लुक्खे' में योगराज सिंह द्वारा निभाए गए किरदार 'वालिया साहब' को पुलिस स्टेशन बुलाया जाता है। वहां बातचीत के दौरान उनका किरदार महिलाओं के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करता दिखाई देता है। इसी डायलॉग की क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद शुरू हुआ। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोगों द्वारा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल समाज में महिलाओं के प्रति गलत संदेश देता है।

# कालका से चोरी हुई बाइक बरामद, नंबर प्लेट तोड़कर पहचान मिटाने की कोशिश



पंचकूला/यूटर्न/15 मई। पंचकूला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। आरोपी ने बाइक की पहचान छिपाने के लिए उसकी नंबर प्लेटें तोड़कर फेंक दी थीं। पुलिस के अनुसार कालका थाना में दर्ज शिकायत में पंचकूला निवासी युवक ने बताया था कि वह 23 जनवरी 2025 को किसी काम से कालका गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल एक फार्म के अंदर खड़ी की थी, लेकिन अगले दिन सुबह बाइक वहां से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस को शिकायत दी गई। मामले की जांच एवीटी स्टाफ इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में शुरू की गई। जांच अधिकारी एएसआई सुनील दत्त ने गुप्त सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी धर्मेंद्र उर्फ घोड़ा निवासी राजीव कॉलोनी सेक्टर-17 पंचकूला को गिरफ्तार किया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में मोटरसाइकिल चोरी की वारदात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर चोरीशुदा स्प्लेंडर प्लस बाइक बरामद की गई, जो बिना नंबर प्लेट के मिली। जांच में सामने आया कि आरोपी ने वाहन की पहचान मिटाने और सबूत खत्म करने की नीयत से बाइक की दोनों नंबर प्लेटें तोड़कर फेंक दी थीं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पेट्रोल-डीजल और CNG की कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का केंद्र सरकार पर हमला

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही आम जनता को महंगाई का बड़ा झटका दिया गया है।



एच.एस. लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले से ही यह आशंका जता रही थी कि चुनाव समाप्त होने के बाद ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3 प्रति लीटर तथा सीएनजी के दामों में करीब 2 प्रति किलो की वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि पहले ही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में इजाफा किया जा चुका है और आने वाले समय में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने की संभावना भी बनी हुई है। इससे आम आदमी, मध्यम वर्ग, छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों और उद्योग जगत पर असर पड़ेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में पहले से ही बेरोजगारी और आर्थिक दबाव का माहौल है। ऐसे में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर परिवहन और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं पर पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ सकती है। लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ लगातार आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर जल्द ही पार्टी की ओर से प्रदर्शन भी किया जाएगा।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III  शनिवार, 16 मई 2026



पेज 12 पंजाब विजिलेंस रिश्वत मामले में नया मोड़...

## लुधियाना पुलिस ने पंजाब का सबसे बड़ा इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड नेटवर्क पकड़ा, 132 ठग अरेस्ट

# विदेशी लोगों को मैसेज भेजकर कंप्यूटर करते थे हैंग, कई एप्लीकेशन के जरिए डेटा चोरी कर निकालते थे पैसा

## हवाला के जरिए पेमेंट पहुंचती थी भारत

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। लुधियाना पुलिस की और से एक बड़े इंटरनेशनल साइबर फ्रॉड नेटवर्क का पदार्फाश किया है। यह खुलासा पंजाब का सबसे बड़ा बताया जा रहा है। पहली बार इतनी भारी मात्रा में साइबर ठग एक साथ पकड़े गए हैं। साइबर ठग नेटवर्क का खुलासा किया है। इस दौरान 132 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 1 करोड़ 7 लाख रुपए की भारतीय नकदी, 98 लैपटॉप, 229 मोबाइल फोन, 19 लग्जरी कारें बरामद की है। जबकि 300 से ज्यादा बैंक खाते फ्रीज किए। आरोपियों ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए तकनीकी सेवा प्रोवाइडर के रूप में खुद को पेश करते थे। इन्होंने विदेशियों को पैसों के लिए धोखा दिया है। इस गिरोह के मास्टरमाइंड दिल्ली, गुजरात के रहने वाले हैं। शुक्रवार को लुधियाना पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा की और से प्रेस कांफ्रेस कर इस मामले का खुलासा किया गया। सीपी स्वपन शर्मा के निर्देशों पर एडीसीपी वैभव सहगल की अगुवाई में साइबर सैल इंचार्ज एसएचओ इंस्पेक्टर सतबीर सिंह की टीम द्वारा यह सफलता हासिल की गई है।

### क्लोजर टीम करती थी बड़ा हेरफेर

इसके बाद पीड़ित को गलत सूचना दी जाती कि उसके बैंक खाते की गंभीर समस्या है और कॉल को संबंधित बैंक प्रतिनिधि से जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद कॉल को क्लोजर टीम के पास ट्रांसफर किया जाता था, जो स्वयं को बैंक अधिकारी बताकर पीड़ित को यह विश्वास दिलाता था कि उसके खाते में जमा धन सुरक्षित नहीं है। इसके बाद पीड़ित को विभिन्न तरीकों से धन हस्तांतरित करने या सौंपने के लिए प्रेरित किया जाता था, जिनमें घर से कैश पिकअप, घर से सोना खरीदकर पिकअप, अमेजन/एप्पल जैसे गिफ्ट कार्ड खरीदकर उनकी जानकारी साझा करना और विदेशी खातों में वायर ट्रांसफर के माध्यम से धन भेजना शामिल थे।



आरोपियों से 19 लग्जरी कारें हुई बरामद



आरोपियों से बरामद सामान की जानकारी देते सीपी शर्मा व एडीसीपी सहगल

### एक टीम करती थी हैंग, दूसरी अधिकारी बन मारी थी ठगी

उक्त आरोपियों द्वारा ओपनर और क्लोजर नाम से दो टीमें बनाई होती थी। आरोपियों द्वारा अलग अलग जगह सेंटर बना रखे थे। जहां 8 से 10 टीमें मौजूद होती थी, जिसमें 6-7 लोग प्रति टीम होते थे। पहली ओपनर टीम पीड़ित को मैसेज भेजकर कंप्यूटर हैंग करती थी। फिर पीड़ित कॉल करता तो उसे रिसीव कर पीड़ित को अल्ट्रा-व्यूअर जैसे रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर डाउनलोड कराया जाता। जिससे पीड़ित के कंप्यूटर पर ठग अपना पूरा कंट्रोल कर लेते थे।

### ऐसे बनाते थे विदेशियों को शिकार

आरोपियों द्वारा विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए आधुनिक तकनीक इस्तेमाल की जाती थी। वे विभिन्न एप्लिकेशन इस्तेमाल करते थे। आरोपियों द्वारा लोगों के कंप्यूटर या लैपटॉप की स्क्रीन पर माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के नाम पर वायरस हमले या सुरक्षा खतरे का एक फर्जी पॉप-अप दिखाया जाता था। जिससे सक्रीन हैंग होने लगती थी। इस पॉप-अप में एक कस्टमर केयर नंबर भी दिखाया जाता था। पीड़ित को उक्त नंबर पर संपर्क करने को प्रेरित किया जाता था। जब पीड़ित उस प्रदर्शित नंबर पर कॉल करता था, तो कॉल को एक्स-लाइट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ठगों तक रीडायरेक्ट किया जाता था, जो इनकमिंग कॉल्स को इंटरनेट आधारित डायलर एप्लिकेशन के जरिए आगे भेजने के लिए उपयोग किया जाता है।

### सारा डेटा चुरा लेते थे ठग

- पीड़ित के कंप्यूटर पर पूरा कंट्रोल करके फिर पीड़ित से सिस्टम पर फर्जी स्कैन करवाते थे। इस प्रक्रिया के दौरान स्क्रीन पर झूठी चेतावनी पॉप-अप दिखाई देती थीं, जिनमें ईमेल अकाउंट हैक होने, बैंक खाते से छेड़छाड़, चाइल्ड पोर्नोग्राफी अलर्ट तथा अन्य सुरक्षा खतरों जैसी मनगढ़ंत सूचनाएं प्रदर्शित की जाती थीं। फिर पीड़ितों को उनके ईमेल, बैंकिंग एप्लिकेशन तथा अन्य गोपनीय जानकारी अपने सिस्टम पर खोलने के लिए प्रेरित करते थे। स्क्रीन शेयरिंग और रिमोट एक्सेस के माध्यम से यह संवेदनशील डेटा ठगों की पहुंच में आ जाता था।

### हवाला के जरिए भारत आता था पैसा

- पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि ठगों द्वारा ठगी किया सारा पैसा हवाला नेटवर्क, क्रिप्टोकरेंसी लेन-देन तथा अन्य अवैध वित्तीय माध्यमों के जरिए भारत में वापस लाया जाता था। सूत्रों के अनुसार इस नेटवर्क के तार भारत में और भी कई जगह जुड़े हो सकते हैं, जिन्हें लेकर जांच की जा रही है। वहीं किंगपिन द्वारा सेंटर पर काम करने वाले हर व्यक्ति को दोगुना इंसेंटिव और जल्द अमीर बनने का लालच दिया जाता था।

## जीरकपुर पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया पदार्फाश, छह आरोपी गिरफ्तार

### पांच मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा बरामद, दो दिन के रिमांड पर भेजे गए आरोपी





जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। जीरकपुर पुलिस ने बाइक चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा बरामद की गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना जीरकपुर में तैनात एएसआई राजीव कुमार मंगलवार रात पुलिस टीम के साथ कोहिनूर ढाबा के पास गश्त और नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ युवक संगठित गिरोह बनाकर जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। आरोपी चोरी के वाहनों को रामगढ़ भूड़ा क्षेत्र स्थित पुरानी एसबीपी बिल्डिंग के पास छिपाकर रखते हैं और बाद में उन्हें बेच देते हैं।

## नामांकन के दौरान आप और कांग्रेस वर्करों में तकरार, कांग्रेस कैंडिडेट का नामांकन छीनकर भागा युवक



पंजाब/यूटर्न/15 मई। फरीदकोट जिले के कोटकपूरा में नगर काउंसिल चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तकरार हो गई। यहां के शहीद भगत सिंह सरकारी कॉलेज में कुछ अज्ञात नौजवान, नामांकन भरने पहुंची कांग्रेस की एक महिला उम्मीदवार की फाइल छीनकर फरार हो गए, जिसके बाद कांग्रेस वर्करों का गुस्सा भड़क गया। सूचना मिलने के बाद जिले के एसपी जोगेश्वर सिंह गोराया के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और हालात को नियंत्रित किया।

# शनि जयंती और शनि अमावस्या धूमधाम और श्रद्धा से मनाई जाएगी

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। पक्खोवाल रोड में स्थित शनि धाम श्री गीता मंदिर विकास नगर में शनि जयंती और शनि अमावस्या बड़ी धूमधाम और श्रद्धा से मनाए जाएगी। विशेष योग में इस जयंती और अमावस्या का बहुत जातकों को लाभ मिलेगा। श्री गीता मंदिर



सभा समारोह के हवन पूजा का विशेष प्रबंध किया गया है। सभी भक्तजनों को सामग्री, सरसों का तेल आदि निशुल्क मिलेगा। विशेष शनि देव जी की आरती 108 ज्योतियों से की जाएगी। जिसका विशेष आकर्षण होगा। इस उपरात शनि देव जी की आरती होगी। प्रसिद्ध धार्मिक गायक बलबीर मानक द्वारा शनि देव जी के संगीतमय भजनों का गुणगान करेंगे। इस बात की जानकारी प्रदीप ढल महासचिव ने देते हुए बतलाया कि कई स्टाल लगाए जाएंगे।

**Happy Birthday**



**Hargun Kaur**

# चंडीगढ़ स्थित जय शिव गोरखनाथ वाल्मीकि मंदिर में पंच धूनों की तपस्या

## विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हुआ विशेष धार्मिक अनुष्ठान, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। चंडीगढ़ गांव दरिया स्थित जय शिव गोरखनाथ वाल्मीकि मंदिर में शुक्रवार को धार्मिक आस्था, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर माहौल के बीच पंच धूनों की विशेष तपस्या का आयोजन किया गया। यह पावन धार्मिक अनुष्ठान बाबा देबनाथ के सान्निध्य में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की।

मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना रहा। नाथ संप्रदाय के साधकों राहुल नाथ, सुमित नाथ और कालू नाथ ने पंच धूनों की तपस्या संपन्न की। धार्मिक मान्यता के अनुसार पंच धूनों की तपस्या को अत्यंत



कठिन और विशेष साधना माना जाता है। इस तपस्या का उद्देश्य देश और दुनिया में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा। श्रद्धालुओं ने भी पूजा-अर्चना कर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर बाबा देबनाथ जी ने अपने प्रवचनों में मानवता, प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकता और सकारात्मक सोच की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से धर्म के मार्ग पर चलने और जरूरतमंदों की सहायता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल आस्था का प्रतीक नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और लोगों में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करने का माध्यम भी बनते हैं। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया तथा विश्व कल्याण, सामाजिक सद्भाव और सभी के सुखमय जीवन की प्रार्थना की गई। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### क्या मध्य एशिया की जंग का असर अब भारत पर भी दिखना शुरू हो गया है?

मध्य एशिया में चल रहे युद्ध और राजनीतिक तनाव का प्रभाव अब केवल उस क्षेत्र तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर भारत सहित कई देशों

पर दिखाई देने लगा है। वैश्विक दुनिया में किसी भी बड़े संघर्ष का प्रभाव व्यापार, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और आम जनता के जीवन पर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक विदेशों पर निर्भर है, इसलिए विश्व में बढ़ती तेल और डीजल की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। इसके अलावा खाद्यान्न, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि यह तो बस अभी शुरूआत है आने वाले समय में मुश्किलें और भी अधिक बढ़ सकती हैं। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी भारत सतर्क हो गया है। सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों पर लगातार नजर बनाए हुए है ताकि देश की सीमाओं और आर्थिक हितों की रक्षा की जा सके। साथ ही विदेशों में पढ़ने या काम करने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता बन गई है। यह स्थिति बताती है कि आज दुनिया आपस में कितनी जुड़ी हुई है। इसलिए शांति, कूटनीति और संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना ही सबसे बेहतर रास्ता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Husband पत्नी को नौकरी करने से रोक सकता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

वैवाहिक जीवन में कई बार यह विवाद सामने आता है कि क्या पति अपनी पत्नी को नौकरी या व्यवसाय करने से रोक सकता है। कानून इस विषय को व्यक्ति की स्वतंत्रता और सम्मान से जोड़कर देखता है।

भारतीय कानून के अनुसार, एक वयस्क महिला को अपनी पसंद से नौकरी, व्यवसाय या पेशा चुनने का अधिकार है। विवाह के बाद भी उसके मूल अधिकार समाप्त नहीं होते। यदि पत्नी नौकरी करना चाहती है और वह कार्य कानूनन वैध है, तो केवल पति की असहमति के आधार पर उसे रोका नहीं जा सकता।

हालांकि, वैवाहिक जीवन में दोनों पक्षों की पारिवारिक जिम्मेदारियां और परिस्थितियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। कई मामलों में आपसी समझ और संतुलन आवश्यक होता है। यदि किसी महिला पर जबरन दबाव डाला जाए, मानसिक उत्पीड़न किया जाए, या उसकी आर्थिक स्वतंत्रता को पूरी तरह नियंत्रित करने की कोशिश की जाए, तो यह कुछ परिस्थितियों में मानसिक क्रूरता (mental cruelty) का रूप भी ले सकता है।

अदालतें आमतौर पर यह मानती हैं कि आर्थिक स्वतंत्रता व्यक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कई लोग अभी भी यह समझते हैं that marriage के बाद पत्नी के पेशेवर निर्णयों का पूरा नियंत्रण पति के पास होता है, जबकि कानून ऐसा नहीं मानता।

निष्कर्ष: विवाह के बाद भी महिला को नौकरी और आर्थिक स्वतंत्रता का अधिकार है। वैवाहिक संबंध आपसी सम्मान और समझ पर आधारित होने चाहिए, न कि एकतरफा नियंत्रण पर।

# पंजाब सरकार पेट्रोल - डीजल सहित जरूरी वस्तुओं पर वैट कम करके उदहारण पेश करे - पवन शर्मा



अशोक 'राही'

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। देश की राजनीति में अपनी अलग सोच का दावा करने तथा काफी हद तक 300 यूनिट बिजली बिल माफी, महिलाओं की बस टिकट मुफ्त, मोहल्ला क्लिनिक जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करके (जिसकी हमारी नई राजनीतिक पार्टी National Justice Party of India भी प्रशंसा और समर्थन करती है) पूरे देश की राजनीतिक पार्टियों की सोच बदलने का काम किया गया है।

# डेराबस्सी में आप उम्मीदवारों को मिला जबरदस्त जनसमर्थन, वार्ड-14 और 15 में प्रचार तेज

## घर-घर पहुंचे आशू और नरेश उपनेजा, लोगों ने कहा- 'हम आपके साथ हैं'

डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर डेराबस्सी में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 14 और 15 के उम्मीदवार आशू उपनेजा और नरेश उपनेजा ने डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा।

इस दौरान दोनों उम्मीदवारों को वार्डवासियों का भरपूर समर्थन और स्नेह मिला। जनसंपर्क अभियान के दौरान आशू और नरेश उपनेजा घर-घर पहुंचे और लोगों से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। इस दौरान व्यापारियों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने दोनों उम्मीदवारों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कई स्थानों पर लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया और समर्थन का भरोसा दिलाया। बाजारों, दुकानों और मोहल्लों में पहुंचने पर लोगों ने कहा कि इस बार वे ऐसे प्रतिनिधियों को चुनना चाहते हैं जो जनता के बीच रहकर काम करें। वार्डवासियों ने स्पष्ट रूप



*नरेश उपनेजा ने कहा, 'शहरवासियों का प्यार और विश्वास मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा शहर की सेवा के लिए समर्पित रहूंगा।'*

से कहा कि ईमानदार, कर्मठ और जनसेवा के लिए समर्पित उम्मीदवारों को ही विजयी बनाया जाएगा।


लोगों ने नारे लगाते हुए कहा, 'हम आपके साथ हैं।' इस दौरान उम्मीदवारों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं बल्कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता के सहयोग और विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी ने वार्ड-14 और 15 में पति-पत्नी की जोड़ी आशू और नरेश उपनेजा पर भरोसा जताया है। पार्टी का मानना है कि दोनों उम्मीदवार जनता की आवाज को मजबूती के साथ उठाने और क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। वहीं जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है और आने वाले दिनों में इसे और तेज किया जाएगा।

# बी.वी.एम. स्कूल, दुगरी की बारहवीं कक्षा का परिणाम रहा शत प्रतिशत

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल, दुगरी शाखा की बारहवीं कक्षा (कॉमर्स स्ट्रीम) का परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में तान्या ने 94% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सलोनी, अर्शदीप एवं सुप्रीत ने 86% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान और अंशु रॉय ने 85.8% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बी.वी.एम विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रधानाचार्या मनीषा मदान ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके परिश्रम एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



बीवीएम स्कूल, दुगरी के टॉपर्स स्टूडेंट्स और पेरेंट्स के साथ स्टॉफ




## बी.वी.एम. स्कूल दुगरी की 10वीं की परीक्षा में स्टूडेंट्स उत्कृष्ट प्रदर्शन





लुधियाना/यूटर्न/15 मई। भारतीय विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दुगरी ने कक्षा 10वीं (सत्र 2025-26) की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के जिन विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया, जिसमें प्रथम स्थान पर आदित्य 90%, द्वितीय स्थान पर जसलीन कौर 87% और तृतीय स्थान पर विशाल कुमार 85.2% अंक के साथ रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा मदान ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की कामना भी की।

# सीबीएसई 12वीं के परिणाम में आनंद ट्यूटोरियल इंस्टीच्यूट का शानदार प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/15 मई। सी.बी.एस.ई. 12वीं कक्षा के घोषित परिणामों में आनंद ट्यूटोरियल इंस्टीच्यूट के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों ने संस्थान पहुंचकर डायरेक्टर शैफी वाधवा अरोड़ा को बधाई दी और फूलों से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर शैफी वाधवा अरोड़ा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान हमेशा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और सही मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा के दौर में निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह मेहनत जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

## बीसीएम स्कूल फोकल प्वाइंट के स्टूडेंट्स ने पंजाब बोर्ड की परीक्षा में लहराया परचम

First



Second



Third



लुधियाना/यूटर्न/15 मई। बीसीएम स्कूल फोकल प्वाइंट के स्टूडेंट्स द्वारा पंजाब बोर्ड की 12वीं क्लास के नतीजों में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल और पेरेंट्स का नाम रोशन किया है। स्कूल की सुहानी चौहान की और से ह्यूमैनिटीज समेस्टर में 500 में से 500 अंक हासिल किए। सुहानी चौहान ने पंजाब में दूसरा और स्टेट में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं बीसीएम स्कूल की ही किरनदीप कौर ने ह्यूमैनिटीज सेमेस्टर में 96.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी के साथ कुसुम ने कॉमर्स में 96 प्रतिशत अंक लिए हैं।

## डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूल में निकाली रैली, लोगों को बताए बचाव के उपाय




डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत प्रत्येक शुक्रवार को चलाए जा रहे डेंगू जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को डेराबस्सी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन और एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में डॉ. दीपिंदर आनंद द्वारा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से विद्यार्थियों और आम लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूल में विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव संबंधी जानकारी दी गई और जागरूकता रैली भी निकाली गई। मल्टीपर्पज हेल्थ सुपरवाइजर रजिंदर सिंह और गुरजीत सिंह ने रैली के माध्यम से लोगों को डेंगू फैलाने वाले मच्छरों की रोकथाम के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि घरों में साफ पानी लंबे समय तक एकत्र न होने दें और जहां पानी जमा हो वहां काला तेल डालें। इसके अलावा गड्ढों को भरने, गमलों में जरूरत के अनुसार पानी डालने तथा कूलरों को सप्ताह में एक बार खाली कर धूप में सुखाने की सलाह दी गई। साथ ही घरों में पड़ी पुरानी व अनुपयोगी वस्तुओं को कबाड़ में बेचने की अपील की गई, ताकि मच्छरों के लार्वा पनपने की संभावना खत्म की जा सके।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को पूरी बाजू के कपड़े पहनने, रात के समय मच्छरदानी का उपयोग करने और मच्छर भगाने वाली क्रीम लगाने के लिए भी प्रेरित किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने क्षेत्र में सर्वे भी किया। एसएमओ डॉ. धर्मेंद्र सिंह और डॉ. दीपिंदर आनंद ने कहा कि कोई भी बुखार डेंगू का संकेत हो सकता है। यदि किसी व्यक्ति को बुखार आता है तो वह नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच जरूर करवाए। सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच और उपचार की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध है। जागरूकता रैली स्कूल परिसर से शुरू होकर डेराबस्सी तहसील रोड, मुख्य बाजार और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को जागरूक करती हुई वापस स्कूल पहुंची। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, एनएसएस वालंटियर, गुरदीप सिंह, कुलविंदर कुमार, मेजर साहिब, रजिंदर सिंह (मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर), आशा वर्कर, नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी और ब्रीडिंग चेकिंग टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# हाई कोर्ट पहुंचे मंत्री संजीव अरोड़ा, ईडी की गिरफ्तारी प्रक्रिया पर उठाए सवाल

## बोले- सुबह हिरासत में लिया, शाम को दिखाई गिरफ्तारी; कानून और संवैधानिक प्रक्रिया के उल्लंघन का आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़। पंजाब सरकार के मंत्री संजीव अरोड़ा ने अपनी गिरफ्तारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में गंभीर सवाल खड़े किए हैं। मंत्री की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि जांच एजेंसी ने गिरफ्तारी के दौरान कानूनी और संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान मंत्री पक्ष ने दावा किया कि संजीव अरोड़ा को सुबह करीब सात बजे ही हिरासत में ले लिया गया था, जबकि आधिकारिक रिकॉर्ड में गिरफ्तारी का समय शाम करीब चार बजे दर्शाया गया। याचिका में कहा गया कि इस तरह गिरफ्तारी का समय बदलकर प्रक्रिया को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया और कानून की अनदेखी की गई।

अरोड़ा पक्ष ने अदालत में कहा कि ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) की धारा 19 और धारा 50 का उल्लंघन किया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी से पहले निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच नहीं की गई तथा पूरी कार्रवाई पूर्वाग्रहपूर्ण तरीके से की गई।



### पहले गिरफ्तारी तय की, बाद में वजह तलाशती रही एजेंसी

*सुनवाई के दौरान मंत्री पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि जांच एजेंसी के अधिकारियों का रवैया पहले से पक्षपातपूर्ण था। अदालत को बताया गया कि एजेंसी ने पहले गिरफ्तारी का फैसला लिया और बाद में उसे उचित ठहराने के लिए प्रक्रिया अपनाई। याचिका में कहा गया कि किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने और औपचारिक गिरफ्तारी दिखाने के बीच लंबे समय के अंतर को छिपाना नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निष्पक्ष न्याय की संवैधानिक गारंटी के खिलाफ है।*

### सोमवार को फिर होगी सुनवाई

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और ईडी को अपना पक्ष रखने के लिए समय दिया। अब इस मामले में सोमवार को दोबारा सुनवाई होगी, जहां ईडी अदालत के समक्ष अपनी दलीलें पेश करेगी। दूसरी ओर, रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी शनिवार को संजीव अरोड़ा को फिर अदालत में पेश करेगी।

### मोबाइल निर्यात मामले में जांच

ईडी की जांच के अनुसार संजीव अरोड़ा की कंपनी ने 12 मई 2023 से 27 अक्टूबर 2023 के बीच करीब 157.12 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन बेचे थे। इनमें से लगभग 102.50 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन यूएई की दो कंपनियों — मैसर्स फोर्ट बैल टेलीकॉम और मैसर्स ड्रैगन ग्लोबल — को निर्यात किए गए थे। फिलहाल मामले की जांच जारी है और हाई कोर्ट की आगामी सुनवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर प्रोजेक्ट पर हाईकोर्ट की रोक

## पेड़ों की कटाई और छंटाई पर अंतरिम आदेश, अंतिम फैसले तक नहीं होगी कार्रवाई

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। शहर के बहुचर्चित ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने परियोजना के लिए प्रस्तावित पेड़ों की कटाई और छंटाई पर अंतरिम रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद फिलहाल फ्लाईओवर निर्माण के लिए जमीन साफ करने की प्रक्रिया थम गई है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया कि ट्रिब्यून चौक के आसपास मौजूद आम समेत किसी भी पेड़ को अगली सुनवाई तक न तो काटा जाएगा और न ही उनकी शाखाओं की छंटाई की जाएगी। अदालत ने कहा कि मामले में पहले ही विस्तृत बहस हो चुकी है और याचिका के अंतिम निपटारे की संभावना निकट है। ऐसे में यथास्थिति बनाए रखना उचित होगा। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अंतरिम आदेश अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।



### मास्टर प्लान और विरासत स्वरूप का मुद्दा

मामला उस याचिका से जुड़ा है जिसमें ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर को चंडीगढ़ के मास्टर प्लान और शहर की विरासत संरचना के खिलाफ बताया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तनु बेदी ने अदालत में दलील दी कि मास्टर प्लान-2031 के तहत चंडीगढ़ को पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के अनुकूल शहर के रूप में विकसित करने की अवधारणा रखी गई थी। उनका कहना था कि फ्लाईओवर जैसे बड़े ढांचे शहर की हरित पट्टियों, दृश्यात्मक पहचान और गैर-मोटर चालित परिवहन व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने अदालत में यह भी कहा कि निजी वाहनों के लिए लगातार बुनियादी ढांचा बढ़ाने से ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म नहीं होगी, बल्कि केवल एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित होगी। याचिकाकर्ताओं ने फ्लाईओवर परियोजना को चंडीगढ़ की विरासत के लिए 'मृत्यु घंटी' तक बताया।

### प्रशासन ने बताया ट्रैफिक प्रबंधन की जरूरत

वहीं चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से वरिष्ठ स्थायी अधिवक्ता अमित झांजी ने परियोजना का बचाव करते हुए कहा कि मास्टर प्लान में फ्लाईओवर निर्माण की अनुमति है। उन्होंने अदालत को बताया कि विरासत क्षेत्र केवल सेक्टर-1 से 30 तक सीमित है, पूरा शहर नहीं। प्रशासन ने यह भी कहा कि ट्राईसिटी क्षेत्र की बढ़ती आबादी और करीब 15 लाख लोगों के यातायात दबाव को देखते हुए यह फ्लाईओवर आवश्यक है। प्रशासन की ओर से अदालत को भरोसा दिया गया कि पर्यावरणीय मंजूरियों का पालन किया गया है और काटे जाने वाले पेड़ों के बदले 5:1 अनुपात में 2799 नए पौधे लगाए जाएंगे। अदालत में यह भी बताया गया कि परियोजना पर पूर्व में लगी रोक हट चुकी है और सुप्रीम कोर्ट में दायर चुनौती भी वापस ली जा चुकी है। अब इस मामले में हाईकोर्ट के अंतिम फैसले पर प्रशासन और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संगठनों की नजरें टिकी हुई हैं।

# चंडीगढ़ में 'साइकिल सवार' सिरफिरे का खौफ

## देर रात दो PG में घुसा युवक, युवतियों से छेड़छाड़; चाकू दिखाकर दी धमकी



चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। शहर में पीजी में रहने वाली युवतियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। चंडीगढ़ में देर रात दो अलग-अलग सेक्टरों में एक सिरफिरे युवक ने पीजी में घुसकर युवतियों से छेड़छाड़ की और विरोध करने पर चाकू दिखाकर डराने की कोशिश की। दोनों वारदातों के बाद आरोपी साइकिल पर फरार हो गया। चंडीगढ़ पुलिस ने दोनों मामलों में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को आशंका है कि दोनों घटनाओं के पीछे एक ही आरोपी हो सकता है, क्योंकि वारदात का तरीका लगभग समान है।

### सेक्टर-16 में युवती पर चाकू से हमला करने की कोशिश

पहली घटना सेक्टर-16 स्थित एक पीजी की है। होशियारपुर निवासी 22 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि वह रात के समय अपने कमरे में सो रही थी। सुबह करीब 2:30 से 3 बजे के बीच एक अज्ञात युवक कमरे में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने चाकू निकालकर उसे डराने की कोशिश की। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी के हाथ से चाकू पकड़ लिया और शोर मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान उसके हाथ में चोट भी आई। शोर सुनते ही आरोपी मौके से साइकिल पर फरार हो गया। घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### सेक्टर-37 में दरवाजा तोड़कर घुसा आरोपी

दूसरी घटना सेक्टर-37 की है, जहां 23 वर्षीय युवती अपने पीजी कमरे में सो रही थी। शिकायत के अनुसार सुबह करीब 4 बजे एक युवक दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आया और युवती से छेड़छाड़ करने लगा। जब युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू दिखाकर धमकाया। शोर मचाने पर आरोपी ने हमला करने की कोशिश की, लेकिन युवती बाल-बाल बच गई। पीड़िता ने बताया कि चाकू उसके चेहरे को हल्का छूता हुआ निकल गया। इसके बाद आरोपी साइकिल पर भाग निकला।

### एक ही आरोपी होने की आशंका

दोनों घटनाओं के समय, तरीका और आरोपी के फरार होने के अंदाज को देखते हुए पुलिस को शक है कि दोनों वारदातें एक ही युवक ने की हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और देर रात साइकिल पर घूमने वाले संदिग्ध युवकों की पहचान की जा रही है।

### छात्राओं और कामकाजी युवतियों में डर

लगातार दो पीजी में घुसकर हुई घटनाओं के बाद शहर में रहने वाली छात्राओं और कामकाजी युवतियों में दहशत का माहौल है। खासकर पीजी संचालकों और अभिभावकों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# छत लाइट प्वाइंट पर दर्दनाक सड़क हादसा, बस के नीचे दबने से युवक गंभीर

## हादसे के बाद चीख-पुकार, शीशे तोड़कर निकाले गए यात्री

जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। शहर के व्यस्त छत लाइट प्वाइंट पर शुक्रवार अल सुबह करीब साढ़े तीन बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। मनाली से दिल्ली जा रही यात्रियों से भरी वोल्वो बस ट्रक और तेल से भरे टैंकर की चपेट में आकर बीच चौराहे पर पलट गई। हादसे में करीब 22 यात्री घायल हो गए, जिनमें 17 की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ रेफर किया गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार राजपुरा की ओर से एक ट्रक जीरकपुर की तरफ आ रहा था। उस समय छत लाइट चौक पर ट्रैफिक सिग्नल ऑरेंज ब्लिंक मोड पर था। ट्रक चालक धीमी गति से चौराहा पार कर रहा था। इसी दौरान एयरपोर्ट की ओर से डेराबस्सी जाने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार वोल्वो बस पहुंची। बताया जा रहा है कि बस चालक ने सामने चल रहे तेल के टैंकर को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी जल्दबाजी में बस ट्रक से टकरा गई।







सूचना मिलने के बाद जीरकपुर थाना पुलिस व एसएसएफ के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। लापरवाही सामने आने पर संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। — गजलप्रीत कौर, एएसपी जीरकपुर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुए हादसे के बाद तेल से भरे टैंकर चालक ने ब्रेक लगाई, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर बस से टकरा गया। दोहरी टक्कर लगते ही बस बीच सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि बस में फंसे यात्रियों की चीखें दूर तक सुनाई देने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) और जीरकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसएसएफ कर्मचारियों ने बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों की संख्या अधिक होने के कारण अतिरिक्त टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए डेराबस्सी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से 17 घायलों को गंभीर हालत में जीएमसीएच-32 रेफर किया गया।

हादसे में 18 वर्षीय विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ पर गंभीर चोट आई और हालत नाजुक होने पर उसे पीजीआई रेफर किया गया। इसके अलावा केरल, हरियाणा, बिहार, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के कई यात्री घायल हुए हैं।

## नंबर प्लेट विवाद में सिक्योरिटी एजेंसी संचालक पर जानलेवा हमला

जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। लोहगढ़ क्षेत्र में बाइक की नंबर प्लेट को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। चार युवकों ने सिक्योरिटी एजेंसी संचालक और उसके कर्मचारी पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। हमले में एजेंसी संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में लोहगढ़ स्थित शर्मा एस्टेट निवासी संदीप सिंह ने बताया कि वह सिग्मा सिटी एक्सटेंशन में खालसा सिक्योरिटी सर्विसेज नाम से एजेंसी चलाते हैं। चार मई की रात वह अपने कर्मचारी ललित कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर नाभा साहिब स्थित कर्मचारी विकास के पास खाना लेने गए थे। संदीप सिंह के अनुसार, उन्होंने अपनी नई हीरो स्प्लेंडर बाइक गली में खड़ी की हुई थी और वह मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान सफेद रंग की एक जीप कंपास कार में सवार युवक वहां पहुंचा और बाइक पर नंबर प्लेट न होने को लेकर सवाल करने लगा। शिकायतकर्ता ने उसे बताया कि बाइक नई होने के कारण अभी स्थायी नंबर जारी नहीं हुआ है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी बहस करने लगा और मामला बढ़ गया।

आरोप है कि युवक ने कार से लोहे की रॉड निकालकर संदीप सिंह पर हमला कर दिया और उनके हाथ पर वार किया। इसके बाद उसने फोन कर अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। कुछ देर बाद दूसरी कार में दो अन्य युवक पहुंचे और चारों ने मिलकर संदीप सिंह तथा उनके कर्मचारी ललित कुमार पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। हमले में संदीप सिंह के हाथ, बांह और पैर में फ्रैक्चर आ गया, जबकि ललित कुमार को भी चोटें आईं। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को पहले ढकोली सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद संदीप सिंह को गंभीर हालत में जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने एक आरोपी की पहचान नाभा साहिब निवासी देवसंत सिंह के रूप में की। थाना जीरकपुर पुलिस ने देवसंत सिंह सहित तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## निमार्णाधीन साइट से लाखों का सरिया चोरी, कंपनी कर्मचारी समेत दो पर केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। एयरोसिटी स्थित एक निमार्णाधीन प्रोजेक्ट साइट से लाखों रुपये कीमत के सरिए की चोरी का मामला सामने आया है। जीरकपुर थाना पुलिस ने कंपनी के ही एक कर्मचारी सहित दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में 18 से 20 क्विंटल सरिया भरकर उसे कबाड़ी के गोदाम में बेचने ले जाने का आरोप है। हालांकि कंपनी कर्मचारियों ने पीछा कर चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया, लेकिन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में एमएस कंसोर्ट बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के सिक्योरिटी अधिकारी गुरमेल सिंह ने बताया कि कंपनी एयरोसिटी मोहाली के आरजीआई ग्रैंड कार्निवल एच ब्लॉक में निर्माण कार्य कर रही है। 26 अप्रैल 2026 की रात करीब नौ बजे कंपनी में कार्यरत सिविल सुपरवाइजर रणवीर सिंह निवासी मथुरा और उसका साथी रमाकांत साह निवासी बिहार कंपनी के किराये के ट्रैक्टर-ट्रॉली में सरिया भरकर साइट से बाहर ले गए। शिकायत के अनुसार दोनों आरोपी चोरी किया गया सरिया लेकर बाकरपुर स्थित एक कबाड़ी के गोदाम में पहुंचे। घटना की जानकारी मिलने पर कंपनी कर्मचारियों ने तुरंत ट्रैक्टर का पीछा किया। गांववासियों की मदद से गोदाम तक पहुंचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चोरी का सरिया बरामद कर लिया गया। हालांकि इस दौरान आरोपी और कबाड़ी से जुड़े कुछ लोग अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मामले में कंपनी ने साइट पर तैनात तीन सुरक्षा गार्डों की भूमिका पर भी संदेह जताया है। शिकायत में कहा गया है कि सुरक्षा गार्डों की आरोपियों के साथ मिलीभगत हो सकती है। इस एंगल से भी जांच की जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराई गई फोटो और वीडियो फुटेज की जांच की।

## फाउंटेन चौक स्थित पावरकॉम ऑफिस में विजिलेंस की रेड

# रिश्वत लेकर काम करने वाले महिला कमर्शियल एसडीओ, साथी एसडीओ व क्लर्क गिरफ्तार, वेस्ट सर्कर के कई पीड़ित आज भी लगा रहे विभाग के चक्कर

### पहले बिल बढ़ाकर भेजना और मीटर उतारने का काम, फिर राहत की एवज में होता है खेल

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/15 मई। पावरकॉम विभाग में चल रहे रिश्वत के खेल से लुधियाना की जनता बेहद परेशान हो चुकी है। पहले अधिकारियों पर रिश्वत के सिर्फ आरोप लगते थे। लेकिन चीफ इंजीनियर समेत अन्य अधिकारी इन आरोपों को नहीं मानते थे। लेकिन अब तो विजिलेंस ने फाउंटेन चौक स्थित पावरकॉम के कमर्शियल ऑफिस में रेड की। जहां रंगे हाथों रिश्वत लेकर काम करने वाली महिला एसडीओ श्रुति शर्मा, उसके साथी एसडीओ जसकनवरप्रीत सिंह और क्लर्क आशु को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा रिपोर्ट तैयार करने की एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत मांगी गई थी। थाना विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विजिलेंस ब्यूरो के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई प्रिंस निझावन द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर की गई। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता सोलर सिस्टम लगाने का कार्य करता है और उसने विभिन्न स्थानों पर दो सोलर सिस्टम लगाए थे। इन सिस्टमों का निरीक्षण कर मीटर लगाने से पहले पीएसपीसीएल द्वारा अनुमान एवं निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जानी थी।



**पहले भी कई लोग हो चुके पीड़ित...** चर्चा है कि पावरकॉम ऑफिस के वेस्ट सर्कल में यह मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते हैं। जहां पर पहले जबरन बिजली बिल बढ़ाकर भेज दिया जाता है। जिसके बाद व्यक्ति का मीटर उतार दिया जाता है। फिर मीटर दोबारा लगाने और बिल कम कराने को रिश्वत मांगी जाती है। जिसने रिश्वत दे दी, तो ठीक है, नहीं दी तो उसका बिल कम नहीं किया जाता। जिसके चलते कई पीड़ित आज भी फाउंटेन चौक के ऑफिस के चक्कर लगा रहे हैं।

**दोनों एसडीओ मिलकर करते थे खेल...** प्रवक्ता के अनुसार, आरोपी एस.डी.ओ. जसकनवरप्रीत सिंह, एस.डी.ओ. श्रुति शर्मा और क्लर्क आशू ने निरीक्षण और अनुमान रिपोर्ट तैयार करने के बदले प्रत्येक फाइल के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस प्रकार दो फाइलों के लिए कुल 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने इसकी शिकायत विजिलेंस को दी। गवाहों की मौजूदगी में आरोपियों को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

**जबरन बढ़ाकर भेजते हैं, बिल होती है सेटिंग...** दरअसल, गुरबख्श सिंह नामक व्यक्ति की पावरकॉम के वेस्ट सर्कल में पड़ते गुरनाम नगर भटिटयां में कपड़ा फैक्ट्री है। उसके पास पहले 12 मशीनें थी। दिसंबर 2024 में फैक्ट्री में आग लगने के कारण अब 2 मशीनें ही है। पीड़ित अनुसार मुलाजिम बिल 1.35 लाख होने की बात कह मीटर उतारकर ले गए। जांच की तो पता चला कि विभाग ने 56 हजार रुपए अपनी तरफ से डाल रखे हैं। वह पहले छावनीं मोहल्ला बिजली घर के एक्सियन पास चक्कर लगाते रहे, उन्होंने बात नहीं सुनी। फिर एसडीओ कमर्शियल श्रुति शर्मा पास गए। उन्होंने पहले तो सुनवाई तक नहीं लिया। फिर उनके आरए ने भी नहीं सुना। यह पकड़े गए आरोपी क्लर्क आशु ने तो वापिस भेज दिया था। चीफ इंजीनियर और एसई वेस्ट सर्कल ने भी समस्या सुनी तक नहीं। फिर पीड़ित ने मंत्री संजीव अरोड़ा से सिफारिश करवाई, तो एसडीओ श्रुति ने बात सुनी। चर्चा है कि इस दौरान अंदरखाते एक मुलाजिम ने सेटिंग की बात कही। लेकिन पीड़ित ने सेटिंग नहीं की।

**सुनवाई के दौरान कमेटी ने केस किया रद्द...** पीड़ित अनुसार एसडीओ श्रुति के ऑफिस मुलाजिम जगदीश द्वारा उसकी शिकायत ली गई। फिर यह मामला एसई वेस्ट के अधीन आने के चलते फिरोजपुर रोड ऑफिस भेज दिया। वहां एसई के आरए शमशेर सिंह को शिकायत दी, तो केस कमेटी में लगा। 23 अप्रैल को गुरबख्श सिंह बीमार होने के चलते फैक्ट्री वर्कर कमेटी की सुनवाई पर चला गया। वहां मौजूद अधिकारियों ने उसकी बात तक नहीं सुनी और केस कैंसिल कर 56 हजार भरने के आदेश दे डाले। पीड़ित का आरोप है कि वे सेटिंग कर लेता तो शायद उसका नुकसान न होता।

# सेक्टर-43 बस स्टैंड से युवक को बहला-फुसलाकर जंगल में लूटा, आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। सेक्टर 36 थाना पुलिस ने ब्लाइंड रॉबरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी यात्रियों को मदद का झांसा देकर सुनसान इलाके में ले जाकर लूटपाट करता था। पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-36 में दर्ज मामले में शिकायतकर्ता गोपाल शर्मा निवासी शिमला, हिमाचल प्रदेश ने बताया कि वह 3 मई की रात कालका से सेक्टर-43 बस स्टैंड पहुंचे थे। देर रात करीब 2:30 बजे काउंटर नंबर-12 के पास बैठे दौरान एक युवक उनसे बातचीत करने लगा। बातचीत के दौरान आरोपी ने दोस्ती कर उनका विश्वास जीत लिया।



शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने दिल्ली जाने की बात कही तो आरोपी ने खुद को एक्टिवा मालिक बताते हुए उन्हें क्इळ सेक्टर-17 छोड़ने की पेशकश की। भरोसा कर वह आरोपी के साथ एक्टिवा पर बैठ गए। पुलिस के मुताबिक आरोपी उन्हें सेक्टर-53 के जंगल की तरफ ले गया। वहां सुनसान जगह पर आरोपी ने पेड़ की टहनी से उनके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी उनका पर्स, जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, एचडीएफसी और केनरा बैंक के एटीएम कार्ड तथा करीब 1600 रुपये थे, छीनकर फरार हो गया। आरोपी शिकायतकर्ता का टकPOCO मोबाइल फोन भी लेकर भाग गया। मामले की जांच कंवरदीप कौर के निर्देशन में की गई। एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार और थाना प्रभारी जय प्रकाश सिंह की निगरानी में गठित विशेष टीमों ने तकनीकी जांच और स्थानीय सूचना के आधार पर आरोपी अरुण उर्फ कांचा निवासी ईडब्ल्यूएस कॉलोनी मलोया को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शिकायतकर्ता का नीले रंग का बैग, कपड़े, पावर बैंक और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा बरामद की है। जांच में सामने आया कि आरोपी क्इळ और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अकेले यात्रियों को निशाना बनाता था। वह पहले बातचीत कर विश्वास जीतता और फिर उन्हें गंतव्य तक छोड़ने के बहाने सुनसान जगह ले जाकर लूटपाट करता था। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में शामिल रह चुका है। एक पुराने चोरी के मामले में उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी है। फिलहाल आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मेहली गेट क्षेत्र में बना कचरे का डंप लोगों के लिये फिर बना मुसीबत



शिव कौड़ा

फगवाड़ा/यूटर्न/15 मई। शहर के मेहली गेट से प्रोफेसर कॉलोनी, गुरु हरकृष्ण नगर की ओर जाने वाले एंट्री चौक के पास गौशाला के बाहर लगे कूड़े के बड़े डंप ने पूरे इलाके की जिंदगी फिर दूभर कर दी है। पिछले कई दिनों से नगर निगम के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण इस डंप से कूड़ा नहीं उठाया गया, जिससे इलाके के निवासी और राहगीर नरक जैसी जिंदगी भोगने को मजबूर हो रहे हैं। इलाका निवासियों और राहगीरों का कहना है कि डंप के पास ही शिव मंदिर, गुरुद्वारा साहिब और वरिंदर पार्क स्थित हैं, जहां रोज सुबह-शाम सैकड़ों श्रद्धालु और सैर करने वाले लोग आते हैं। लेकिन दिन-रात यहां से उठने वाली विषैली बदबू के चलते यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब है कि नाक ढककर गुजरना भी किला जीतने के बराबर हो गया है। उन्होंने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। हर चुनाव के दौरान यह मुद्दा जोर-शोर से उठता है और बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनावी शोर-शराबा खत्म होते ही मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। दो साल पहले यह मामला जिला अदालत तक भी पहुंचा था। उस समय जिला लोक अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता संजीव घई की पीआईएल पर सुनवाई करते हुए जुलाई 2024 में डंप को स्थायी रूप से हटाने और जगह की सफाई करवाकर कॉरपोरेशन को रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए थे। लेकिन हैरानी की बात है कि आज तक इस आदेश पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव घई लक्की और परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिओम शर्मा लवली ने नगर निगम से पुरजोर मांग की है कि तुरंत इस डंप से कूड़ा उठवाया जाए और रोजाना सफाई का पक्का प्रबंध किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो पूरे इलाके के निवासी बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए विवश होंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती आबादी के साथ यह समस्या और भी भयावह होती जा रही है और यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह स्वास्थ्य से जुड़ा बड़ा खतरा बन सकती है। अब देखना यह है कि निगम प्रशासन कब जागता है और लोगों को इस मुसीबत से राहत मिलती है या नागरिकों की सेहत के साथ खिलवाड़ इसी तरह जारी रहता है।

# सेक्टर-22 डी में स्वच्छता स्लोगन अभियान शुरू, लोगों को सफाई के प्रति किया जागरूक

## नगर निगम की पहल, स्वच्छता स्लोगन लिखने पर कार समेत कई इनाम जीतने का मौका





अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। नगर निगम चंडीगढ़ की ओर से सेक्टर-22 डी में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष स्वच्छता स्लोगन अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का उद्घाटन नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने किया। इस दौरान क्षेत्र के पार्षद दमनप्रीत सिंह, जॉइंट कमिश्नर बलबीर राज सिंह, मेडिकल ऑफिसर ऑफ हेल्थ डॉ. इंदरदीप कौर, मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि और स्थानीय दुकानदार भी मौजूद रहे।

यह अभियान नगर निगम और सेक्टर-22 डी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई बनाए रखने के प्रति जागरूक करना है। अभियान के तहत बाजार में आने वाले लोग स्वच्छता और सफाई से जुड़े रचनात्मक स्लोगन लिखकर हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागियों को कार समेत कई आकर्षक इनाम और सरप्राइज गिफ्ट जीतने का मौका भी मिलेगा। अभियान को लेकर बाजार में लोगों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों को चार डस्टबिन आधारित कचरा पृथक्करण प्रणाली के सही उपयोग के बारे में जागरूक किया और दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान लोगों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और नागरिक जिम्मेदारियों के प्रति शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने बाजार संघों, दुकानदारों और नागरिकों से नगर निगम के साथ मिलकर शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

# चंडीगढ़ में अवैध आइसक्रीम रेहड़ियों पर नगर निगम की कार्रवाई, 35 जब्त



चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। नगर निगम चंडीगढ़ ने शहर में अवैध रूप से संचालित आइसक्रीम रेहड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 35 रेहड़ियों को जब्त किया। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर की गई। नगर निगम की प्रवर्तन टीमों द्वारा यह विशेष अभियान सुबह करीब 8 बजे शुरू किया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न इलाकों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति संचालित आइसक्रीम विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कई रेहड़ियां सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से खड़ी की गई थीं, जिससे यातायात और लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। कार्रवाई के दौरान कुल 35 अवैध आइसक्रीम रेहड़ियों को जब्त किया गया।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा कि शहर में अवैध वेंडिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने, स्वच्छता बनाए रखने और यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# वार्ड-12 में कांग्रेस उम्मीदवार जुपिंदर सिंह मावी ने किया चुनावी दफ्तर का उद्घाटन

डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर कौंसिल चुनाव को लेकर वार्ड नंबर-12 में कांग्रेस उम्मीदवार जुपिंदर सिंह मावी ने अपने चुनावी दफ्तर का उद्घाटन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया और समर्थकों ने 'जुपिंदर सिंह मावी जिंदाबाद' के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। उद्घाटन समारोह के दौरान वार्डवासियों ने जुपिंदर सिंह मावी को भरोसा दिलाया कि वे चुनाव में उनके साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। लोगों ने कहा कि मावी लगातार समाज और क्षेत्र के लोगों से जुड़े रहे हैं, जिसके चलते उन्हें जनता का समर्थन मिल रहा है।



इस मौके पर जुपिंदर सिंह मावी ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह हमेशा लोगों की सेवा के लिए आगे रहे हैं और भविष्य में भी इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वार्ड के लोगों से मिल रहा प्यार और विश्वास उनके लिए बहुत मायने रखता है। मावी ने कहा कि जिस तरह वार्ड के लोग आज उनके साथ मजबूती से खड़े हैं, उसी प्रकार वह भी हर परिस्थिति में लोगों के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करना और विकास कार्यों को आगे बढ़ाना है। इस दौरान जुपिंदर सिंह मावी ने कांग्रेस नेतृत्व और पार्टी पदाधिकारियों का भी विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने स. उदेवीर सिंह ढिल्लों और स. दीपइंदर सिंह ढिल्लों का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने उन पर विश्वास जताकर पार्टी की ओर से टिकट दिलाई, जिसके लिए वे उनके दिल से आभारी हैं। कार्यक्रम में मौजूद समर्थकों ने 'कांग्रेस की पहचान— विकास और निर्माण' तथा 'किसान-मजदूर एकता जिंदाबाद' के नारे भी लगाए। समारोह के दौरान चुनावी माहौल पूरी तरह उत्साह और जोश से भरा नजर आया।

# वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने SHO बलदेव से की मुलाकात, कानून व्यवस्था की सराहना



चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। वाल्मीकि समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने मलोया थाना प्रभारी बलदेव से मुलाकात कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर उनके कार्यों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रल्हड बलदेव की नियुक्ति के बाद इलाके में अपराध पर नियंत्रण देखने को मिला है और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का भी आभार जताया और कहा कि मलोया जैसे संवेदनशील क्षेत्र की जिम्मेदारी एक अनुभवी और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी को सौंपना सकारात्मक कदम है। समाज के सदस्यों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता के चलते असामाजिक तत्वों में पुलिस का डर बना है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बेहतर हुई है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में कृष्ण कुमार चड्ढा, ओम प्रकाश सैनी, धर्मवीर राणा, ज्योति हंस, मीना राणा, विजेंद्र डोलगच, दीपक नेपाली, चंदा और बाल किशन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# हथियार लाइसेंस धारकों के लिए नए नियम लागू

## हथियार इस्तेमाल करने के 30 दिन के भीतर देनी होगी पूरी जानकारी, नियम तोड़ने पर लाइसेंस रिन्यू में होगी परेशानी

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/15 मई। हरियाणा गृह विभाग के निर्देशों के बाद पंचकूला पुलिस कमिश्नरेट ने हथियार लाइसेंस धारकों के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। नए आदेशों के तहत अब लाइसेंसी हथियार का इस्तेमाल करने वाले हर व्यक्ति को 30 दिनों के भीतर इसकी जानकारी संबंधित लाइसेंसिंग अथॉरिटी को देना अनिवार्य होगा।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कदम हथियारों के इस्तेमाल पर निगरानी रखने और किसी भी प्रकार के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।



### इस्तेमाल की पूरी जानकारी देनी होगी

जारी निर्देशों के मुताबिक यदि कोई लाइसेंस धारक अपने हथियार का उपयोग करता है तो उसे यह बताना होगा कि हथियार कब, कहां और किस कारण से इस्तेमाल किया गया। इसके साथ कितने कारतूस चलाए गए, इसकी जानकारी भी देनी होगी।

नियमों के तहत इस्तेमाल किए गए खाली कारतूस भी संबंधित विभाग में जमा करवाने होंगे। यदि खाली कारतूस उपलब्ध नहीं हैं तो उसका कारण लिखित रूप में बताना अनिवार्य होगा।

### रिकॉर्ड रखा जाएगा, लापरवाही पड़ सकती है भारी

विक्रम नेहरा ने बताया कि अब हथियार इस्तेमाल से जुड़ी सभी रिपोर्टों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। यदि कोई लाइसेंस धारक समय पर सूचना नहीं देता या उसका जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता, तो इसका असर हथियार लाइसेंस के नवीनीकरण पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है।

### पुलिस ने की सहयोग की अपील

पुलिस अधिकारियों ने सभी हथियार लाइसेंस धारकों से अपील की है कि वे नए दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी स्थिति में हथियार इस्तेमाल की जानकारी समय पर विभाग को उपलब्ध करवाएं। अधिकारियों का कहना है कि इससे कानून व्यवस्था बनाए रखने और हथियारों के दुरुपयोग को रोकने में मदद मिलेगी।

# यह रहा आपका refined और अखबार-स्टाइल में ज्यादा स्मूद व असरदार वर्ज़न




## 'नेशनल क्रश' का बोल्ड अवतार? वायरल फोटो ने बढ़ाई हलचल

ऑरेंज आउटफिट में बीच पर नजर आई एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हो गई हैं। फैंस का कहना है— 'ये तो Rashmika Mandanna लग रही हैं! खुले बाल, कातिलाना स्माइल और डांसिंग मूव्स ने इंटरनेट पर मानो तहलका मचा दिया है। तस्वीर सामने आते ही कयासों का दौर शुरू— क्या यह किसी नए एड शूट या म्यूजिक वीडियो की झलक है? ग्लैमरस और बोल्ड अंदाज में दिखी इस झलक ने फैंस को दीवाना बना दिया है।

कई यूजर्स इसे Rashmika Mandanna का नया प्रोजेक्ट बता रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। अब सभी की नजरें इस वायरल तस्वीर के पीछे की असली कहानी पर टिकी हैं।

# सगाई टूटने पर युवक ने थाने में निगला जहर, लड़की वालों की शिकायत पर अमृतसर पुलिस उठा ले गई थी

पंजाब/यूटर्न/15 मई। अमृतसर में एक युवक ने शादी टूटने के बाद थाने में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हातल गंभीर बताई है। लड़की वालों ने उसके खिलाफ शिकायत दी थी। जिस के बाद पुलिस उसको उठाकर थाने ले गई थी। परिवार ने कहा कि मानसिक दबाव में था और इसी कारण उसने यह कदम उठाया। थाने में मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने समय पर मदद नहीं की और तड़पते छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, मामला कल शाम अमृतसर के फतेहगढ़ चूड़ियां रोड स्थित नंगली भट्ठे इलाके का है। युवक की पहचान जज सिंह (28) के रूप में हुई है। वह इस समय अस्पताल में इलाजाधीन है।



### 1 महीने पहले टूटा रिश्ता, तब से तनाव में था युवक

परिवार के सदस्य ने बताया कि जज सिंह का करीब एक साल पहले इलाके की एक लड़की के साथ रिश्ता तय हुआ था। दोनों परिवारों के बीच लगातार बातचीत होती रही और मिलना-जुलना भी था। शादी की तैयारियों को लेकर घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन अचानक करीब एक महीने पहले लड़की पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। परिवार का कहना है कि इस फैसले के बाद से ही युवक काफी परेशान रहने लगा था। परिजनों के मुताबिक रिश्ता टूटने के बाद हालात लगातार बिगड़ते गए। उनका आरोप है कि लड़की पक्ष की ओर से युवक पर दबाव बनाया जा रहा था और बाद में उसके खिलाफ परेशान करने की शिकायत भी दर्ज करवा दी गई। परिवार ने बताया कि पुलिस कल शाम उसे पूछताछ के लिए थाने लेकर गई थी।

Uturn Time 16 May 2026_Layout 2 15-05-2026 23:15 Page 12



# पंजाब विजिलेंस रिश्वत मामले में नया मोड़

## बिचौलिये बाप-बेटे को न्यायिक हिरासत, डीजीपी का रीडर ओपी राणा अब भी फरार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो से जुड़े बहुचर्चित रिश्वत कांड में शुक्रवार को नया घटनाक्रम सामने आया। 20 लाख रुपये रिश्वत मामले में गिरफ्तार बिचौलिये विकास उर्फ विक्की गोयल और उसके बेटे राघव गोयल को सीबीआई की विशेष अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। दोनों आरोपियों का तीन दिन का रिमांड पूरा होने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया था। इस मामले में गिरफ्तार ड्राइवर अंकित वाधवा को पहले ही न्यायिक हिरासत भेजा जा चुका है। वहीं मामले का मुख्य आरोपी बताए जा रहे पंजाब विजिलेंस के डीजीपी के रीडर ओपी राणा की तलाश में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) लगातार दबिश दे रही है।



### स्टेट टैक्स अधिकारी की शिकायत पर दर्ज हुआ केस

सीबीआई ने यह मामला पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले के मलोट निवासी स्टेट टैक्स अधिकारी अमित कुमार की शिकायत पर दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत पंजाब विजिलेंस में लंबित थी। शिकायत के मुताबिक विकास गोयल और उसका बेटा राघव गोयल खुद को विजिलेंस के वरिष्ठ अधिकारियों का करीबी बताते थे और दावा करते थे कि उनकी 'ऊपर तक पहुंच' है। आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता को भरोसा दिलाया कि रिश्वत देकर मामला बंद करवाया जा सकता है।

### '13 लाख साहब तक पहुंचाने हैं'

पिछली सुनवाई के दौरान सीबीआई ने अदालत को बताया था कि ओपी राणा ने शिकायतकर्ता से कथित तौर पर कहा था कि 13 लाख रुपये ह्लसाहबह्व तक पहुंचाने हैं, जबकि उसे खुद केवल एक सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड-7 मोबाइल फोन चाहिए। जांच एजेंसी के अनुसार आरोपियों और ओपी राणा के बीच हुई व्हाट्सएप चैट भी जांच में सामने आई है। अदालत में बताया गया कि मोबाइल फोन के रंग को लेकर भी बातचीत हुई थी। सीबीआई ने ओपी राणा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी करवा रखे हैं। जांच एजेंसी अब इस मामले में अन्य बड़े अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### २० लाख से शुरू हुई डील, 13 लाख और महंगे फोन पर बनी बात

सीबीआई जांच के अनुसार शुरूआत में 20 लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। बाद में सौदा 13 लाख रुपये नकद और एक महंगे मोबाइल फोन पर तय हुआ। अब सीबीआई फरार आरोपी ओपी राणा की तलाश के साथ-साथ पूरे नेटवर्क और कथित संरक्षण देने वाले अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। मामले को लेकर पंजाब विजिलेंस और प्रशासनिक हलकों में हलचल बनी हुई है।

# जज कोठी में मजदूरों को बंधक बनाने का आरोप

## बचाने पहुंचे इंजीनियरों पर रॉड, डंडों और पत्थरों से हमला; पांच घायल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। न्यू चंडीगढ़ के इकोसिटी क्षेत्र में एक निमार्णाधीन कोठी में काम कर रहे मजदूरों को बंधक बनाने और उन्हें बचाने पहुंचे लोगों पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कोठी के चौकीदार और उसके साथियों ने नशे की हालत में मजदूरों के साथ मारपीट की और बाद में मौके पर पहुंचे इंजीनियरों पर रॉड, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में पांच लोग घायल हुए हैं, जिनमें से चार को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि एक को मामूली चोटें आई हैं। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि हमलावर शराब के नशे में थे, लेकिन पुलिस ने उनका मेडिकल नहीं करवाया।

### मजदूरों को कमरे में बंद करने का आरोप

पीड़ित अनिल कुमार के अनुसार उनकी कंपनी का काम इकोसिटी स्थित एक जज की निमार्णाधीन कोठी में चल रहा है। यहां काम कर रहे मजदूरों को कथित तौर पर चौकीदार और उसके साथियों ने बंधक बना लिया। आरोप है कि मजदूरों के साथ छीना-झपटी और मारपीट भी की गई। मजदूरों ने किसी तरह कंपनी के इंजीनियरों को सूचना दी। सूचना मिलने पर इंजीनियर मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने रॉड, डंडों और ईट-पत्थरों से हमला किया, जिसमें अमित कश्यप समेत कई लोग घायल हो गए।





### चेन और सामान छीनने का भी आरोप

पीड़ितों ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान अमित कश्यप की चेन और अन्य सामान भी छीन लिया गया। घटना के बाद पीसीआर को सूचना दी गई, लेकिन पीड़ितों का कहना है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने केवल उनके आधार कार्ड लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और बिना मेडिकल करवाए वहां से चली गई। पीड़ितों के अनुसार घायल हालत में वे पहले फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल पहुंचे, लेकिन बाद में उन्हें खरड़ के सिविल अस्पताल जाना पड़ा, जहां देर रात करीब ढाई बजे उनका इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों ने अनिल कुमार की नाक से खून बहने की पुष्टि की और सीटी स्कैन कराने की सलाह दी, जबकि अन्य घायलों को एक्स-रे के लिए भेजा गया।

### पुलिस पर दबाव बनाने के आरोप

पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि घटना के बाद पुलिस की ओर से उल्टा उन पर दबाव बनाया जाने लगा। अनिल कुमार के मुताबिक सुबह एक पुलिस अधिकारी का फोन आया, जिसमें उन्हें तुरंत मुल्लांपुर पहुंचने के लिए कहा गया। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वहीं पीड़ित पक्ष ने निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सुंडरा गांव में अधूरा पड़ा कम्युनिटी सेंटर निर्माण कार्य दोबारा शुरू



डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। ग्राम पंचायत सुंडरा की ओर से लंबे समय से अधूरा पड़ा कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य एक बार फिर शुरू करवा दिया गया। इस मौके पर पीसीएस कुलदीप नागपाल की विशेष उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और पंच सदस्यों की मौजूदगी में कार्य की शुरूआत करवाई गई। जानकारी के अनुसार गांव में लंबे समय से कम्युनिटी सेंटर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ था, जिससे ग्रामीणों को शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। गांव में उचित स्थान की कमी के कारण लोगों को निजी स्थानों या अन्य विकल्पों का सहारा लेना पड़ता था। ग्राम पंचायत की ओर से लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अब इस कार्य को दोबारा शुरू करवा दिया गया है। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि कम्युनिटी सेंटर तैयार होने के बाद ग्रामीणों को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में बड़ी सुविधा मिलेगी। मौके पर मौजूद पंचायत सदस्यों ने कहा कि गांव के विकास और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पंचायत लगातार प्रयास कर रही है। ग्रामीणों ने भी पंचायत के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा।

# वोट डालने गया परिवार, पीछे से बंद घर में लाखों की चोरी

जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे स्थित फ्रेंड्स एंक्लेव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और सोने के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई, जब परिवार वोट डालने के लिए अंबाला गया हुआ था। थाना जीरकपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में फ्रेंड्स एंक्लेव निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह एक निजी बैंक में कार्यरत हैं। 10 मई 2026 को वह अपने परिवार के साथ अंबाला वोट डालने के लिए गए थे। शाम करीब साढ़े छह बजे जब वह वापस घर पहुंचे तो घर के मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए मिले। घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का सामान भी अस्त-व्यस्त मिला।

संदीप कुमार के अनुसार जब उन्होंने अलमारी की जांच की तो उसमें रखे करीब 4.50 लाख रुपये नकद और सोने के गहने गायब थे। चोरी हुए गहनों में दो सोने की चेन और एक जोड़ी सोने की बालियां शामिल हैं। चोरी की घटना के बाद परिवार के होश उड़ गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसे अपने घर में रहने वाले प्रमोद उर्फ पम्मी की भूमिका पर भी शक है। शिकायत में उसने इस संबंध में पुलिस को जानकारी देते हुए जांच की मांग की है। सूचना मिलने के बाद हेड कांस्टेबल गुरफतेह सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला घर में घुसकर चोरी करने का पाया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(3) और 305 के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372